


**नागरिकता अधिनियम 1955 के अनुसार भारतीय नागरिक पुरुषों एवं महिलाओं से उड़ान तथा ग्राउंड ड्यूटी (तकनीकी तथा गैर तकनीकी) शाखाओं में कमीशन अफसर के रूप में शामिल होने के लिए आवेदन आमंत्रित करती है। ऑनलाइन आवेदन के लिए पंजीकरण https://careerindianairforce.cdac.in अथवा https://afcat.cdac.in वेबसाइटों के माध्यम से 01 दिसंबर 2023**

**वायु सेना सामान्य प्रवेश परीक्षा (ए एफ कैट)- 01/2024/ एनसीसी विशेष प्रवेश जनवरी 2025 में प्रारंभ होने वाले कोर्स के लिए**

1.उड़ान शाखा में अल्पकालिक कमीशन (एसएससी) तथा ग्राउंड ड्यूटी (तकनीकी एवं गैर तकनीकी) शाखाओं में अल्पकालिक कमीशन (एसएससी) प्रदान करने के लिए जनवरी 2025 में प्रारंभ होने वाले कोर्स के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। एनसीसी विशेष प्रवेश योजना (उड़ान शाखा के लिए)के लिए भी ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

2. **शाखा, कोर्स संख्या तथा रिक्तियां**

***दावा-त्याग : निर्दिष्ट रिक्तियां अनंतिम तथा बिना सूचना के परिवर्तनीय हैं। जुलाई 2024 में प्रोद्भूत होने वाली रिक्तियों की वास्तविक संख्या संगठनात्मक अपेक्षाओं, विभिन्न कैडर नियंत्रक तंत्रों तथा प्रशिक्षण स्लॉट की उपलब्धता पर निर्भर हैं। इस संबंध में किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया एगा। ग्राउंड ड्यूटी (गैर तकनीकी) रिक्तियों में एक सीट विधि अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित हैं।**

3. **कमीशन का प्रकार**

| प्रवेश | शाखा | कोर्स संख्या | रिक्तियां* | |
|---|---|---|---|---|
| | | | पुरूष (एसएससी) | महिला (एसएससी) |
| ए एफ कैट प्रवेश | उड़ान | 217/25एफ/एसएससी/एम एवं डब्ल्यू | 28 | 10 |
| | ग्राउंड ड्यूटी (तकनीकी) | 216/25टी/ एसएससी/106एईसी/एम एवं डब्ल्यू | एई(एल) : 104<br>एई(एम) : 45 | एई(एल) : 11<br>एई(एम) : 05 |
| | ग्राउंड ड्यूटी (गैर तकनीकी) | 216/25जी/एसएससी/एम एवं डब्ल्यू | शस्त्र प्रणालियां (डब्ल्यूएस) शाखा :15<br>प्रशासन : 44<br>संभारिकी : 11<br>लेखा : 11<br>शिक्षा : 08<br>मौसम विज्ञान : 09 | शस्त्र प्रणालियां (डब्ल्यूएस) शाखा : 02<br>प्रशासन : 06<br>संभारिकी :02<br>लेखा : 02<br>शिक्षा : 02<br>मौसम विज्ञान : 02 |
| एनसीसी विशेष प्रवेश | उड़ान | 217/25एफ/पीसी/एम और 217/25एफ/एसएससी/एम एवं डब्ल्यू | सीडीएसई रिक्तियों में से 10 प्रतिशत सीटें पीसी के लिए तथा एएफकैट रिक्तियों में से 10 प्रतिशत सीटें एसएससी के लिए | सीडीएसई रिक्तियों में से 10 प्रतिशत सीटें पीसी के लिए तथा एएफकैट रिक्तियों में से 10 प्रतिशत सीटें एसएससी के लिए |

(क) **महिलाओं तथा पुरुषों के लिए अल्पकालिक कमीशन (एसएससी)**

(i)उड़ान शाखा में एसएससी अफसरों के विनियोजन की अवधि कमीशन प्रदान की गई तारीख से चौदह वर्ष है।

(ii)ग्राउंड ड्यूटी (तकनीकी एवं गैर तकनीकी) शाखाओं के एसएससी अफसरों का आरंभिक कार्यकाल दस वर्ष के लिए होगा। सर्विस अपेक्षाओं, रिक्तियों की उपलब्धता, इच्छुकता, उपयुक्तता तथा मेरिट के अधीन चार वर्षों का एक विस्तार दिया जा सकता है।

(iii) इस विषय पर चालू नीतियों के अनुसार सर्विस अपेक्षाओं, रिक्तियों की उपलब्धता, इच्छुकता, उपयुक्तता तथा मेरिट के अधीन स्थायी कमीशन प्रदान (बाद की किसी तिथि पर) किए जाने पर विचार किया जाएगा।

(iv) एसएससी अफसर पेंशन लाभ प्रदान किए जाने के पात्र नहीं हैं।

4. **आयु**

(क) **उड़ान शाखा**: **01 जनवरी 2025** को 20 से 24 वर्ष अर्थात **02 जनवरी 2001** से **01 जनवरी 2005** के बीच (दोनों तिथियों सहित) जन्मे हों। डीजीसीए (भारत) द्वारा जारी वैध एवं चालू वाणिज्यिक पायलट लाइसेंस धारक अभ्यर्थियों के लिए ऊपरी आयु सीमा को 26 वर्ष को तक शिथिल किया जा सकता है अर्थात **02 जनवरी 1999** से **01 जनवरी 2005** के बीच (दोनों तिथियों सहित) जन्मे हों।

(ख) **ग्राउंड ड्यूटी (तकनीकी एवं गैर तकनीकी) शाखा** - **01 जनवरी 2025** को 20 से 26 वर्ष अर्थात **02 जनवरी 1999** से **01 जनवरी 2005** के बीच (दोनों तिथियों सहित) जन्मे हों।

5. **अधिसूचना** - विस्तृत अधिसूचना वेबसाइट https://careerindianairforce.cdac.in **अथवा** https://afcat.cdac.in पर उपलब्ध है। **अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना है कि उन्होंने पंजीकरण करने से पूर्व अधिसूचना में उपलब्ध विवरणों को पढ़ तथा समझ लिया है।**

6. **शारीरिक / चिकित्सा मानक, शैक्षिक योग्यता तथा चयन प्रक्रिया** - शारीरिक / चिकित्सा मानक, शैक्षिक योग्यता तथा चयन प्रक्रिया का विवरण वेबसाइट पर विस्तृत अधिसूचना में उपलब्ध है।

7. **प्रशिक्षण** - सभी कोर्सों के प्रशिक्षण **जनवरी 2025** के पहले सप्ताह में वायु सेना अकादमी डुंडिगल (हैदराबाद) में प्रारंभ होंगे। वायु सेना प्रशिक्षण स्थापनाओं में उड़ान तथा ग्राउंड ड्यूटी (तकनीकी) शाखाओं के लिए प्रशिक्षण अवधि 62 सप्ताह है तथा ग्राउंड ड्यूटी (गैर तकनीकी) शाखाओं के लिए 52 सप्ताह है। वायु सेना अकादमी में शामिल होते समय पैन कार्ड तथा भा. स्टे. बैंक / राष्ट्रीयकृत बैंक में खाता होना अनिवार्य है। पंजीकरण के लिए आधार कार्ड अनिवार्य है।

8 **भा.वा. से. आपको ऑफर करती है कमीशन मिलने पर वेतन (7वें कें.वे.आ. के अनुसार)**

| रैंक | रक्षा मैट्रिक्स के अनुसार वेतन | स्तर | एमएसपी |
|---|---|---|---|
| फ्लाइंग अफसर | रु.56100-177500 | 10 | रु.15500 |

**टिप्पणी** : फ्लाइट कैडेट एक वर्ष के प्रशिक्षण के दौरान रु. 56100/- प्रतिमाह की नियत वृत्तिका प्राप्त करेंगे।

9. **भत्ते** : वेतन के अतिरिक्त ड्यूटी के स्वरूप तथा तैनाती स्थान के आधार पर लागू भत्ते जिनमें उड़ान, तकनीकी, मैदानी क्षेत्र, विशेष प्रतिपूरक (पर्वतीय क्षेत्र), विशेष बल, सियाचीन, द्वीप विशेष ड्यूटी, टेस्ट पायलट तथा फ्लाइट टेस्ट इंजीनियर, एरिया तथा दूरस्थ परिक्षेत्र भत्ता शामिल हैं।

10. **विशेषाधिकार** - वायु सेना अफसर सुसज्जित आवास, स्वयं तथा आश्रितों के लिए व्यापक चिकित्सा कवरेज, कैंटीन, अफसर मेस, रियायती दरों पर ऋण, एलटीसी इत्यादि, छुट्टी (60 दिन वार्षिक तथा 20 दिन आकस्मिक) सर्विस आकस्मिकताओं के अधीन हकदार होंगे।

11. **बीमा** - सेवारत अफसरों के लिए रु. **1.10 करोड़** का बीमा कवरेज (अंशदान पर) लागू है। उड़ान शाखा के अफसरों के लिए रु. **15 लाख** का अतिरिक्त बीमा कवरेज (अंशदान पर) लागू है।

12. **खेल-कूद एवं साहसिक गतिविधियां** - भारतीय वायु सेना विभिन्न खेलकूद तथा साहसिक गतिविधियों (स्काई डाइविंग, माइक्रो लाइट उड़ान, पर्वतारोहण वाटर राफ्टिंग आदि) में शामिल होने के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं मुहैया कराती है।

**महत्वपूर्ण अनुदेश**

13. पात्र अभ्यर्थियों को ए एफ कैट प्रवेश/ एनसीसी विशेष प्रवेश के लिए उपलब्ध अलग टैब के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा। एक / अधिक प्रवेश के लिए पात्र अभ्यर्थियों को प्रत्येक प्रवेश में अलग से पंजीकरण करना है।

14. **गोदना (टैटू)** स्थायी शारीरिक गोदना की नीति इस प्रकार है:-

(क) स्थायी शारीरिक गोदना केवल बांह के सामने वाले भाग में अंदर की तरफ अर्थात दोनों हाथों की कोहनियों के अंदर से कलाई तथा हाथ की हथेली के उल्टे तरफ / पीछे (डोर्सल) भाग पर अनुमति है जिसके लिए अभ्यर्थी को स्वतः घोषणा प्रमाण-पत्र देना अपेक्षित है। इनके अलावा दिखाई देना वाला अथवा दिखाई न देने वाला कोई भी स्थायी शारीरिक गोदना शरीर के किसी अन्य भाग पर स्वीकार्य नहीं है। आदर्शवादी एवं सैन्य अनुशासन के लिए प्रतिकूल न होने वाले छोटे अहानिकारक टैटू की अनुमति है अर्थात् धार्मिक प्रतीक अथवा अपने करीबी के नाम।

(ख) जनजातियों को उनकी विद्यमान प्रथाओं के अनुसार चेहरा अथवा शरीर पर गोदने के निशान में मामले दर मामले के आधार पर अनुमति दी जाएगी।

15. **स्वापक** - स्वापक का उपभोग / रखना निषेध है। अभ्यर्थियों की चिकित्सा जांच तथा उसके बाद अफसर के रूप में प्रशिक्षण / सर्विस कॅरियर के दौरान किसी भी समय शरीर में ड्रग के मौजूदगी की जांच की जा सकती है। यदि अभ्यर्थी प्रशिक्षण / सर्विस कैरियर के किसी भी समय स्वापक के उपभोग / रखते हुए पाया जाता है तो उसे भारतीय वायु सेना में शामिल होने से रोक दिया जाएगा अथवा यदि उसने सेवारम्भ कर दिया है तो उसे सर्विस से निकाल दिया जाएगा।

16. **ए एफ कैट परीक्षा के लिए ऑनलाइन टेस्टिंग का संचालन तथा शुल्क संरचना** - विभिन्न केंद्रो पर ए एफ कैट प्रवेश के लिए ऑनलाइन टेस्ट संचालित कराया जाएगा। ए एफ कैट प्रवेश के लिए पंजीकरण करने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा शुल्क के रूप में रु. 550/+ जी.एस.टी (अप्रतिदेय) की राशि का भुगतान करना होगा। तथापि एनसीसी विशेष प्रवेश के लिए पंजीकरण करने वाले अभ्यर्थियों को भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है। परीक्षा संचालन, परीक्षा केंद्रों तथा भुगतान के ढंग का विवरण अधिसूचना में दिया गया है।

17. **वैवाहिक स्थिति : अभ्यर्थी को कोर्स आरंभ होने के समय अविवाहित होना चाहिए और प्रशिक्षण के दौरान विवाह की अनुमति नहीं है** । प्रशिक्षण की अवधि के दौरान शादी करने वाले अभ्यर्थी को कार्यमुक्त कर दिया जाएगा और वह सरकार द्वारा उस पर किए गए सभी खर्च को लौटाने का भागी होगा।

18. **अभ्यर्थियों को संपूर्ण चयन प्रक्रिया के दौरान अपना विशिष्ट ई-मेल आईडी तथा मोबाइल फोन संख्या सुरक्षित रखना होगा।**

19. **कृपया नोट करें कि अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन में भरी गई सूचना अंतिम मानी जाएगी तथा बाद में इसमें किसी भी संशोधन की अनुमति नहीं दी जाएगी। अभ्यर्थियों को अपनी जन्म तिथि भरते समय पूरी सावधानी बरतनी चाहिए।**

20. **यात्रा भत्ता (टीए)** - वायुसेना चयन बोर्ड में पहली बार शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को सबसे छोटे मार्ग द्वारा दोनों तरफ का एसी-III टियर / एसी चेयर कार अथवा वास्तविक सामान्य बस के यात्रा किराये की प्रतिपूर्ति की जाएगी। यात्रा के अन्य तरीकों के लिए सरकारी प्राधिकृत नियमों के अनुसार यात्रा भत्ता स्वीकार्य है। **यदि आप किसी भी चयन बोर्ड में इसी प्रकार के प्रवेश के लिए पहले भी शामिल हो चुके हैं तो कोई भी यात्रा भत्ता स्वीकार्य नहीं होगा।**

21. **शारीरिक तैयारी** - अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि एएफएसबी में टेस्ट देने के लिए एसएसबी के लिए रिपोर्ट करते समय स्वयं को अच्छी शारीरिक स्थिति में रखें। आपको 10 मिनट में 01 मील (1.6 कि.मी.) की दौड़ पूरी करने तथा 10 पुशअप एवं 03 चिन-अप करने की क्षमता हासिल करने का लक्ष्य भी होना चाहिए। संभावित अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि वे एएफए में शारीरिक प्रशिक्षण के लिए स्वयं को अच्छी शारीरिक स्थिति में रखें जिसमें दौड़, तैराकी, रस्सी

davp 10801 /11/0002/2224